भारतीय मानक ब्यूरो का 78वाँ स्थापना दिवस

स्रोत: पी.आई.बी

हाल ही में भारतीय मानक ब्यूरो (BIS) ने 6 जनवरी 2025 को अपना 78वाँ स्थापना दिवस मनाया।

- **परिचय:** BIS भारत का **वैधानिक राष्ट्रीय मानक निकाय** है, जिसकी **स्थापना मानक ब्यूरो अधिनियम 2016** के तहत वस्तुओं के **मानकीकरण, अंकन एवं गुणवत्ता प्रमाणन** की गतिविधियों के **सामंजस्यपूर्ण विकास** हेतु की गई।
    - इसकी स्थापना आरंभ में **भारतीय मानक संस्थान (ISI) के रूप में की गई थी** जो **6 जनवरी 1947** को अस्तित्व में आया।
    - यह **उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के अधीन** कार्यरत है।
- **कार्य:** यह **उत्पाद प्रमाणन (ISI मार्क),** सोने एवं चांदी के आभूषणों की हॉलमार्किंग, ECO मार्क योजना (पर्यावरण अनुकूल उत्पादों की लेबलिंग के संदर्भ में) जैसे विभिन्न कार्यों हेतु उत्तरदायी है।
- **मानक राष्ट्रीय कार्य योजना (SNAP) 2022-27:** यह उभरती प्रौद्योगिकियों तथा स्थिरता एवं जलवायु परिवर्तन संबंधी चिंताओं को दूर करने के क्रम में **मानकीकरण हेतु मज़बूत आधार** के रूप में कार्य करता है।
    - यह राष्ट्र में **"गुणवत्ता संस्कृति"** को समृद्ध एवं मज़बूत बनाने में **प्रमुख भूमिका** निभाता है।
- **उपलब्धियाँ: 94%** भारतीय मानकों को अंतर्राष्ट्रीय मानकीकरण संगठन (ISO) और **अंतर्राष्ट्रीय इलेक्ट्रोटेक्निकल आयोग (IEC)** मानकों के अनुरूप बनाया गया है।
    - अब तक **44.28 करोड़** से अधिक **सोने, आभूषणों/कलाकृतियों** की हॉलमार्किंग की जा चुकी है।

और पढ़ें: भारतीय मानक ब्यूरो (BIS) अधिनियम, 2016

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/78th-foundation-day-of-bureau-of-indian-standards